सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 305 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शनिवार, 4 मई , 2024



A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL

TOP 500

ISO 9001:2015

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186


# पीएम मोदी क़े रोड शो मे भाजपामय हुआ रांची

## भीषण गर्मी के बीच रांची में हुआ 'रोड शो' फूलों की हुई बारिश







पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांचीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद शाम 6.45 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचे। पीएम मोदी रांची एयरपोर्ट से राजभवन तक रोड कर बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ को वोट देने की अपील कर रहे हैं। रांची एयरपोर्ट से निकलने के बाद पीएम मोदी सबसे पहले बिरसा चौक पहुंचे, जहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर पीएम मोदी के साथ बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार भी मौजूद रहे। भीषण गर्मी के बीच पीएम मोदी के रोड शो के दौरान फूलों की जमकर बारिश हुई।

### एसपीजी के कमांडो फूलों की बारिश को रोकने में लगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जगह बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थक फूलों की बारिश कर रहे थे। एसपीजी के कमांडो फूलों की बारिश को रोकने की कोशिश में जुटे नजर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक 'मोदी-मोदी' के नारे की गूंज रही। वहीं पीएम मोदी जैसे ही मारवाड़ी भवन के पास पहुंचे, तो भव्य नजारा देखने को मिला। मारवाड़ी भवन में बड़े ही जोरदार तरीके से फूलों की बारिश की गई। फूलों की बारिश इस तरह से की गई उनका पूरा वाहन फूलों से ढक गया।

### पार्टी के सांसद और विधायक समेत अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद

पीएम मोदी के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े हैं। सड़क की दोनों तरफ खड़े होकर लोग उनका स्वागत कर रहे हैं। विभिन्न चौक-चौराहे पर पीएम मोदी के स्वागत के लिए पार्टी के सांसद और विधायक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक दोनों ओर बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, हरमू रोड स्थित बीजेपी कार्यालय, हरमू चौक, सहजानंद चौक, भारत माता चौक, गाड़ीखाना चौक, शनि मंदिर चौक, गौशाला रोड और रातू रोड तक दोनों ओर बड़ी संख्या में बीजेपी नेता-कार्यकर्ता मौजूद हैं।

### पीएम के रोड शो को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

पीएम मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। इसके अलावा एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक सड़क के दोनों तरफ बैरिकेडिंग की गई थी। इस रोड के लिए रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया था।

### छह महीने के अंदर रांची में दूसरी बार रोड शो

छह महीने के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रांची में दूसरी बार रोड शो किया। इससे पहले झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर की पूर्व संध्या पर 14 नवंबर को पीएम मोदी ने रांची में इसी तरह एयरपोर्ट से राजभवन तक रोड शो किया था।

# शिवसेना नेता को लेने आया हैलिकॉप्टर हुआ क्रैश



पोलिट लाइव रिपोर्टर

मुंबई : महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार को लैंडिंग के दौरान क्रैश हो जाने से उसके दो पायलट घायल हो गए। हेलीकॉप्टर मौजूदा लोकसभा चुनाव में एक सार्वजनिक रैली के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे को लेने जाने वाला था, तभी यह घटना घटी। दुर्घटना सुबह करीब 9.30 बजे हुई जब हेलिकॉप्टर के पायलटों ने इसे महुहड़ में एक अस्थायी हेलीपैड पर उतारने की कोशिश की। हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया, जिससे पायलट घायल हो गए। घटना के एक वीडियो में दिखाया गया है कि हेलिकॉप्टर ने लैंडिंग के दौरान अपना नियंत्रण खो दिया और ऐसा लगा कि वह घूमता, लड़खड़ाता, संतुलन खोता और फिर खुले मैदान में धूल के बादल में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो जाता।

# अमित शाह के एडिटेड वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन, अरुण रेड्डी गिरफ्तार

पोलिट लाइव रिपोर्टर

नयी दिल्ली : अमित शाह के डीप फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। अरुण रेड्डी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है और कल उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक अरुण रेड्डी स्पिरिट ऑफ कांग्रेस के नाम से सोशल मीडिया पर अकाउंट चला रहा था और अमित शाह के एडिटेड वीडियो को पोस्ट किया था। जानकारी के मुताबिक अरुण रेड्डी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) का सोशल मीडिया नेशनल कॉर्डिनेटर है। रेड्डी पर अपने मोबाइल से सबूत मिटाने का भी आरोप है ऐसे में उसके मोबाइल फोन को भी



फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। अरुण रेड्डी की गिरफ्तार दिल्ली से ही हुई है और कल शनिवार को ही उसे कोर्ट में जज के सामने पेश किया जाएगा। दिल्ली पुलिस कोर्ट में ही अमित शाह की एडिटेड वीडियो मामले में अरुण रेड्डी के रोल को लेकर खुलासा करेगी, साथ ही उसकी कस्टडी की भी मांग करेगी।

### तेलंगाना के आईपी एड्रेस से पोस्ट किया था वीडियो

बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के बीच दुष्प्रचार करने के मकसद से गृह मंत्री अमित शाह का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। पुलिस की ओर से इस मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा IFSO जांच में इस बात का बड़ा खुलासा किया गया था कि अमित शाह का एडिटेड वीडियो सबसे पहले तेलंगाना के आईपी एड्रेस से पोस्ट किया गया था। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह का आरक्षण को लेकर एक फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था।

# सुनैना किन्नर पहुंची ढोल बाजे के साथ नामांकन करने





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबादः शुक्रवार को थर्ड जेंडर सुनैना किन्नर धनबाद लोकसभा सीट से नामांकन करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी धनबाद माधवी मिश्रा के पास पहुंची. इस दौरान उनके साथ काफी संख्या में किन्नर और आम लोग थे. सुनैना किन्नर बैंड बाजा के साथ यहां आई थीं. उनके साथ आई कई अन्य किन्नर भी साथ चल रही थीं. लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी निभाने में थर्ड जेंडर भी पीछे नहीं हैं.

चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाने की बात हो या फिर चुनाव लड़ने की इसमें थर्ड जेंडर भी आम लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं.

लेकिन धनबाद लोक सभा मे अब वह साथ चुनाव लड़ने क़े लिए खड़ी है जो सामने क़े सभी राष्ट्रीय पार्टी क़े उम्मीदवारों को टक्कर देगी, नॉमिनेशन क़े दौरान सुनैना किन्नर अपने समर्थकों क़े साथ मेमको मोड़ से लेकर समाहरणालय के गेट तक बैंड बाजे की धुन पर सभी नाचती हुई पहुंची. नामांकन के बाद मीडिया से बात करते हुए सुनैना किन्नर ने कहा कि धनबाद की जनता का उन्हें अपार समर्थन मिल रहा है, क्योंकि समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और लोगों की समस्या को दूर करने का प्रयास किसी ने नहीं किया. लोगों की परेशानियों को देखते हुए उसने चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया है और जनता का समर्थन भी उन्हें मिल रहा है. धनबाद मे जिस तरह का माहौल है क़ी कांग्रेस मे भी भित्तर घात है और भाजपा क़े अंदर भी यही हाल है ऐसे मे हमारी दावेदारी मजबूत है और लोगों का प्यार समर्थन मिल रहा है, जिसका ऐतिहासिक परिणाम धनबाद मे आएगा..

# डीसीएलआर ने की मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक

- जीरो एरर चुनाव संपन्न कराने के लिए बनाई रणनीति

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर जीरो एरर चुनाव संपन्न करने के लिए रणनीति बनाई। डीसीएलआर ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले मतदान दलों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पूर्व आज एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की गई। जिसमें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए सभी मतदान दलों को डमी मैटेरियल उपलब्ध कराकर उसमें इंट्री करवाने के साथ साथ अन्य अभ्यास करवाने, ईवीएम व वीवीपैट पर पुनः हैंड्स ऑन करवाने पर जोर दिया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में कोई चूक न हो इसलिए प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों का टेस्ट भी लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में मास्टर ट्रेनरों की शंकाओं का समाधान किया गया। मौके प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव-गांव, शहर-शहर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन
- लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत बीएलओ द्वारा 38-सिन्दरी विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न बुथों के मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका वितरण करते हुए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ हीं बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत जगदीश पंचायत में सखी मंडल की दीदियों द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली एवं रंगोली के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

वही बीसीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालय पी० बी० एरिया में स्वीप कार्यक्रमअंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया। सिंदरी के बूथ नंबर 357 से 359 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा पीडब्ल्युडी वोटरों को शपथ दिलाकर स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त 419,420,423,424 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली के माध्यम से मतदान दिवस 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।



# सबसे बड़ा पुरस्कार जनता का प्यार धनबाद है तैयार इस बार कांग्रेस सरकार





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का सघन जनसंपर्क अभियान लोहांचल स्थित अपने आवासीय कार्यालय बोकारो विधानसभा से प्रारंभ होकर जनता दरबार में आए हुए असहाय गरीब मजदूर के साथ कार्यकर्ताओं के साथ समाजसेवियों के साथ गणमान्य व्यक्तियों के साथ विस्तारित रूप से एक-एक जनता से मिलकर उनके समस्याओं को सुनकर लोगों का स्नेह सहयोग और समर्थन देखकर अनुपमा सिंह ने कहा की निश्चित रूप में जनता का आशीर्वाद मिला तो आप लोगों की अपेक्षाओं में खरी उतरेंगे बोकारो विधानसभा अंतर्गत चास जैक हैप्पीनेस में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी सदस्यों के साथ बैठक हुई साथ ही साथ अधिवक्ताओं ने देश में व्याप्त न्यायपालिका में केंद्र में बैठी भाजपा की तानाशाही सरकार के हस्तक्षेप कुठाराघात संविधान एवं लोकतंत्र के खतरे जैसे अहम मुद्दे पर चर्चा की साथ ही साथ कानूनविदो ने देश में कांग्रेस राज में बेहतर कानूनी सेवाओं एवं सुविधाओं पर विश्वास जताया तथा सबों ने धनबाद लोकसभा इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने का भरोसा दिलाया धनबाद प्रखंड के पुटकी सियालगुदरी स्थित दुर्गा मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान सियाल गुदरी की मुखिया श्रीमती ममता चौधरी धनबाद के पूर्व प्रमुख श्री भानु प्रताप जी एवं प्रखंड अध्यक्ष श्री पप्पू कुमार पासवान जी के अलावा बड़ी संख्या में वहां के गणमान्य जनता उपस्थित थे, जनसंपर्क करते हुए चारघर चौक पहुंची जहां क्षेत्रीय लोगों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन एवं महागठबंधन के समर्थन में अपना उत्साह दिखाया यहां की जनता ने बताया कि भाजपा शासन काल में झूठे जुमले वादे करके हम लोगों को ठगा गया कांग्रेस का कार्यकाल अच्छा था आज तो इतनी महंगाई है कि घर का सारा बजट ही बिगड़ गया है गया लेकिन झारखंड में गठबंधन की सरकार के द्वारा आपकी सेवा आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत हम लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब जाकर मिलना शुरू हुआ निश्चित रूप में हम आप महिला प्रत्याशी को ही वोट करेंगे क्योंकि महिला ही चूल्हे से लेकर घर के बजट को ईमानदारी पूर्वक चलाती है हर दर्द को समझती है जनसंपर्क भ्रमण करते हुए स्वर्गीय अशोक सिंह चौधरी स्वर्गीय संजय सिंह चौधरी के निवास में जाकर शोकाकुल परिवार से मिलकर दुख की इस घड़ी में ढांढस बधाया अभियान के क्रम में भृगनाथ सिंह चौधरी जी के में उनसे मिलकर विचार विमर्श किया इंदिरा आवास कॉलोनी में जाकर लोगों के समस्याओं को देखा मोदी सरकार की भ्रष्ट नीतियों जिन्होंने वादा किया था कि 2022 तक हर गरीब परिवार को आवास दिया जाएगा लेकिन आज भी वे टूटे-फूटे कच्चे आवासों में रहने में मजबूर हैं रोजगार नहीं है महिलाएं घर में बैठी रहती हैं अनुपमा सिंह ने कहा कि आप महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें ताकि आपके सपने को सरकार कर सकें कांग्रेस जो कहती है वह करती है प्रत्येक वर्ष घर की एक महिला को साढे आठ हजार रुपए प्रत्येक महीने दिए जाएंगे अगर कांग्रेस की सरकार केंद्र में आएगी विवेकानंद नगर न्यू कॉलोनी नियोगी मोहल्ला पुलिस लाइन डोमपाड़ा कार्मिक नगर न्यू मुरली नगर कृष्णा नगर सेंट्रल हॉस्पिटल के पीछे का क्षेत्र कुसुम विहार चांदमारी कोलियरी कंटाघर के पास यादव टोला में जनसभा को संबोधित करते हुए राखी कहां की मोदी सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार अत्याचार हिंसा को रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सशक्तिकरण को पुख्ता करने के लिए एवं धनबाद की ज्वलंत समस्याओं को निराकरण करने के लिए आपकी बेटी आपकी बहन जन सेवा का संकल्प लेकर आपके बीच आई हूं भाजपा सरकार का चाल चरित्र चेहरा आपने देखा कि किस प्रकार से एक अपराधिक छवि वाले व्यक्ति को जिनके ऊपर अर्धशतक मुकदमे दर्ज है जिसने अपने विधानसभा क्षेत्र में गरीब असहाय लोगो की जमीने हड़प ली पीड़ित परिवार एवं वहा की जनता के द्वारा अर्धनग्न होकर धरना प्रदर्शन करते रहे न्याय की गुहार करते रहे अपनी काली कमाई का धौस दिखाकर लोगों का भया दोहन कर रहा है जिसे देखकर कांग्रेस आला कमान ने धनबाद जिले को बचाने के लिए मुझे प्रत्याशी बनाया है श्रमिक मेरा अभिमान है धनबाद मेरी जान है युवा मेरा हौसला है महिलाएं मेरी ताकत है विकास की नई राह सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं के सम्मान युवाओं के रोजगार बच्चों के उज्जवल भविष्य और बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भय मुक्त धनबाद एवं सर्वांगीण विकास के लिए मुझे प्रत्याशी बनाया है कार्यक्रम में दिनेश पासवान अजय हाडी सोनू सिंह मुरारी प्रदीप सिंह मृत्युंजय सिंह विपिन यादव दीपक यादव आदि थे उक्त जानकारी प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने दी|






# 4 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी देवी



अनिन्दिता दास



जाहिरुद्दीन खान



सुनैना किन्नर

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के समक्ष आज 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

श्रीमती लक्ष्मी देवी, श्रीमती अनिन्दिता दास, मोहम्मद जहिरूद्दीन खान तथा सुनैना किन्नर ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म लिया


धनबाद :लोकसभा चुनाव के लिए आज 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म लिया है। अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग में 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म लिया है। नोमिनेशन फॉर्म के काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु मालतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।



# गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी जयराम महतो के घर में चिपकाया गया नोटिस

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद/गोमो उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो के द्वारा गिरिडीह लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो के घर मानटांड में नोटिस चिपकाया गया। नोटिस के माध्यम से बताया गया है कि जयराम महतो का गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए 1 मई को नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्र में प्रस्तावकों के हस्ताक्षर को लेकर संदेहास्पद बताया गया है। नोटिस के माध्यम से गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी जयराम महतो को अपने प्रस्तावको व उनके वैध पहचान पत्र के साथ 7 मई को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 12:30 के बीच उपस्थित होने को कहा गया है।



उपायुक्त, –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, बोकारो।
(निर्वाचन शाखा)
–: नोटिस :–

श्री जयराम कुमार महतो, पिता – कृष्ण प्रसाद महतो, पता :– ग्राम–मानटांड, चितरपुर, पो॰ओ + थाना– तोपचांची, जिला–धनबाद, झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा दिनांक 01.05.2024 को 06–गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष 3 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। आपके द्वारा समर्पित नाम निर्देशन पत्र में उल्लेखित प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है, जिसका सत्यापन अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में आपको अवगत कराने हेतु 06–गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी द्वारा दिनांक 02.05.2024 को अपराह्न 02:40 में नाम निर्देशन पत्र में उल्लेखित आपके मोबाईल नं0– 7543097890 पर सम्पर्क किया गया, एवं निर्वाची पदाधिकारी, 06–गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र द्वारा भी अपराह्न 03:37 में आपके मोबाईल नं0 – 7543097890 पर सम्पर्क किया गया, परन्तु आपके द्वारा फोन नहीं उठाया गया एवं आपसे किसी प्रकार का प्रतिउत्तर भी प्राप्त नहीं हुआ।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि यह नोटिस आपके नाम–निर्देशन पत्र में उल्लेखित पते पर एवं चार दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा रही है। सूचना प्रकाशन के पश्चात् आपके नाम निर्देशन पत्र में उल्लेखित सभी प्रस्तावकों एवं उनके वैध पहचान पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष संवीक्षा की तिथि, अर्थात् दिनांक–07/05/2024 को पूर्वा0 11:00 बजे से अप0 12:30 बजे के बीच उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

2/5/2024
निर्वाची पदाधिकारी,
06–गिरिडीह लोकसभा
निर्वाचन क्षेत्र।

ज्ञापांक 2049/नि॰ दिनांक :– 02/05/2024

प्रतिलिपि :– मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड रांची को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना जनसम्पर्क पदाधिकारी, बोकारो को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि उक्त आम सूचना का प्रकाशन 4 (चार) दैनिक समाचार पत्रों में कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– जयराम कुमार महतो, पिता – कृष्ण प्रसाद महतो, पता :– ग्राम–मानटांड, चितरपुर, पी.ओ + थाना– तोपचांची जिला–धनबाद, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

2/5/2024

# बलियापुर हटिया के पास लगी आग



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: बलियापुर हटिया के पास गुरुवार देर रात को कचरे के ढेर में आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। घटना सुनते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े। आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। आग की लपटे काफी तेज थी। बलियापुर के समाजसेवी बंटी अग्रवाल व अब्दुल हक ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। 20 मिनट के अंदर अग्निशमन विभाग के वाहन पहुंचे। तब जाकर आग पर काबू पाया गया।

## विश्व हिंदु परिषद गो रक्षा विभाग गोविंदपुर के सभी कार्यकर्ता ने बीजेपी धनबाद लोकसभा प्रत्याशी दुल्लु महतो से आवास में भेंटकर चुनावी चर्चा किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविन्दपूर :प्रखण्ड विश्व हिंदु परिषद गो रक्षा विभाग के सभी कार्यकर्ता ने बीजेपी धनबाद लोकसभा प्रत्याशी श्री दुल्लु माहतो से बाघमारा उनके आवास में भेंटकर कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं मे बात किया अत श्री महतो ने आश्वासन दिया की सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा जिसमें प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार राष्ट्रीय गो रक्षा अंदोलनकारी समिति प्रखण्ड प्रमुख बीजय धीवर दिपक कुमार साव सुरज सिंह सुमित दें अनुराग पाशवान बिक्की कुम्भकार विकास धीवर विकास दें कौशल दें आदि शामिल रहे.

## हर एक जरूरतमंद लोगों के लिए छोटे-छोटे मदद करके मानव धर्म निभा रही है हमारी संस्था–शीतल दत्ता

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : हरिओम सेवा संस्था के द्वारा लड़की के शादी में₹4000 का एक छोटा सा राशि देकर सहयोग करने का प्रयास किया गया आपको बता दे की आमटाल के दिलीप गोराई जो की बहुत ही सामाजिक और मिलनसार व्यक्ति हैं उनके पुत्री के विवाह में संस्था से कुछ सहयोग राशि की मांग की गई थी।

इसी को देखते हुए संस्था के संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल, प्रभास पाल ,सूर्य गोपाल भट्टाचार्य, विनोद सिंह ,मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता,सचिव हारु बावरी ,सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान ,अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी, भोला चक्रवर्ती, बबलू बावरी मुकेश महतो आदि के द्वारा इस कार्य में आगे आकर मदद करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया। इस नेक कार्य के लिए विजय दत्ता, गोविंद बावरी, राणा प्रताप सिंह संजय राउत, रॉकी चटर्जी, सुधीर चटर्जी, संचिता साहा,अमित , विजय रजक, रंजीत महतो, अनिल, आमोद, चंदन, अविनाश ,रंजीत ,पिंटू , दिनेश वरुण ,अभय आदि सदस्यों ने संस्था के सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए बहुत सारा बधाई और धन्यवाद दिए।




मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# बीआईटी सिंदरी के तकनीकी क्लबों द्वारा आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी महोत्सव, टेक महोत्सव -2024 का हुआ उद्घाटन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी: बीआईटी सिंदरी के तकनीकी क्लबों द्वारा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी महोत्सव, टेक महोत्सव -2024 का उदघाटन शुक्रवार को संस्थान के निर्देशक डा.पंकज राय द्वारा फीता काटर कर किया गया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए निर्देशक ने कहा कि इस तीन दिवसीय टेक महोत्सव के माध्यम से छात्रों आपने तकनीकी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन कर सकते । उन्नत एवं नये तकनीकी का प्रदर्शन कर आपने रचनात्मक से विकसित तकनीकी विकास में योदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस रफ्तार से पुरे विश्व तकनीकी क्षेत्र में नये नये खोज कर आपने आपने देश को मजबूत करने में लगे हुए है एसे में हमारे देश के छात्रों,एवं विज्ञानिकों, के कंधे पर जिम्मेदारी बढी है। हमे भी आपने राष्ट्र को तकनीकी क्षेत्र में और मजबूत करना होगा। तकनीकी क्षेत्र में नये नये खोज एवं आभिषकार कर प्रदर्शन करना होगा तबही बढते विश्व की तकनीकी रफ्तार में हमसब खडे रह सकते एवं डटकर मुकाबला कर सकेंगे।

मोके पर डॉ.घनश्याम, प्रो. आर.के.वर्मा, प्रो बी.डी.यादव, प्रो.विनीत शेखर, प्रो. अकरम, प्रो. एस.सी.दत्ता प्रो. इम्तियाज, प्रो.पी एन साहू,प्रो ओम प्रकाश, आदि उपस्थित थे।

## टुंडी मंडल के कोलहर शक्तिकेन्द्र में बूथ संख्या 30 से 35 के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक कोलहर पंचायत में संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर



टुंडी : लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर टुंडी मंडल के कोलहर शक्तिकेन्द्र में बूथ संख्या 30 से 35 के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक बैठक कोलहर पंचायत के संयोजक ज्योतिष अम्बष्ट के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में टुंडी विधान सभा संयोजक ज्ञान रंजन सिन्हा के द्वारा चुनाव संबंधित मार्ग दर्शन दिया गया। साथ ही बूथ स्तर के बैठक की तिथि तय की गई।

बताया गया कि सभी वरिष्ठ नेता एक एक बूथ की बैठक में उपस्थित रहेगें। बैठक में मुख्य रूप से टुंडी विधान सभा क्षेत्र के संयोजक ज्ञान रंजन सिन्हा, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य संजीव कुमार मिश्रा, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विजय मंडल, ग्रामीण भाजपा के जिला महामंत्री दिनेश सिंह, टुंडी मंडल अध्यक्ष अवध किशोर चौधरी, महिला मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष मीरा मंडल सहित सभी बूथ कमिटि के सदस्य, पंचायत संयोजक, प्रभारी गण उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन पंचायत प्रभारी दशरथ ठाकुर ने किया।


## सूड़ी समाज धनबाद जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने हिमांशु मण्डल



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: राष्ट्रीय सूड़ी समाज,केंद्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश समिति द्वारा सूड़ी समाज धनबाद जिला युवा मोर्चा का गठन किया गया है जिसकी जानकारी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामू मंडल ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया की धनबाद जिला सूंड़ी समाज युवा मोर्चा कमेटी में हिमांशु मंडल जिला अध्यक्ष, संतोष मंडल, प्रकाश मंडल,मथुर मंडल,नाविक मंडल सभी 4 जिला उपाध्यक्ष,नाविक मंडल,राजू मंडल दोनों जिला महामंत्री,अजय मंडल जिला प्रवक्ता,विकास मंडल जिला कोषाध्यक्ष, पंकज मंडल जिला सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं गौतम मंडल,सुदीप मंडल,सेवक मंडल,पिंटू मंडल,परिमल मंडल,महेश मंडल,उत्तम मंडल,संजय मंडल,आदेश मंडल,राजा मंडल सभी जिला मंत्री बनाए गए हैं। जिला कार्यसमिति में 20 सदस्य बनाए गए हैं। रामू मंडल ने बताया की धनबाद जिला के अधिकांश गांवों से प्रतिनिधि जिला कमेटी में शामिल किए गए हैं।

# मासस ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र के लिए उदय शंकर खाबड़े को दिया टिकट




पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: मासस के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र से उदय शंकर खाबड़े को मासस का टिकट दिया। इसकी स्वीकृति पत्र प्रदान करने के मौके पर मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, पार्टी के केन्द्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो मौजूद थे।

मासस ने किया समर्थन -- मासस केंद्रीय कमेटी के निर्णयानुसार केन्द्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो ने झारखंड के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को मासस द्वारा पूर्ण समर्थन देने की घोषणा किया है। गिरीडीह संसदीय क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को व कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले के प्रत्याशी विधायक विनोद सिंह को मासस का पूर्ण समर्थन का घोषणा किया है। श्री महतो ने इस आशय का अलग अलग पत्र कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, झामुमो केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व भाजपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य को दिया है। विभिन्न पार्टी सुप्रीमो को मासस के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री महतो द्वारा इस सिलसिले में दिए पत्र में संसदीय चुनाव के दौरान मासस के नेता कार्यकर्ता व समर्थक संबंधित पार्टियों के प्रत्याशी के पक्ष चुनाव प्रचार कर उन्हें विजय बनाने का काम करेंगे।

## अवकाश प्राप्त राजस्व उप निरीक्षक एवं पत्रकार राजेश कुमार सिन्हा के पिता शिवनारायण प्रसाद 84 वर्ष में निधन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : अवकाश प्राप्त राजस्व उप निरीक्षक एवं पत्रकार राजेश कुमार सिन्हा के पिता शिवनारायण प्रसाद 84 वर्ष का निधन शुक्रवार को उनके गोविंदपुर स्थित आवास पर हो गया। वह दो पुत्रों सुनील सिन्हा एवं राजेश सिन्हा तथा तीन पुत्रियों सुशीला देवी, ममता देवी एवं जूली देवी समेत भरपूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम क्रिया खुदिया घाट पर हुई । इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# अंतर जिला अंडर 15 वूमेंस टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में धनबाद का जलवा कायम,कोडरमा को किया पराजित

पोलिट लाइव रिपोर्टर




कुमारधुबीः झारखंड क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर 15 वूमेंस टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में धनबाद का जलवा कायम है। धनबाद जिला की लड़कियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कोडरमा को पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए धनबाद ने 20 ओवर में 275 रन बनाए।धनबाद की कप्तान( माही क्रिकेट क्लब कुमारधुबी की खिलाड़ी) अंकिता मौर्य ने धनबाद की ओर से दमदार प्रदर्शन करते हुए 150 रन बनाए तथा अंत तक नाबाद रही। अनु यादव 25 तथा आरती सोरेन ने भी 14 रन बनाए। कोडरमा की सृष्टि सिन्हा ने तीन विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए कोडरमा 20 ओवर में पांच विकेट खोकर महज 75 रन ही बना सकी। सृष्टि सिन्हा ने 23 रन बनाए। धनबाद की कप्तान अंकिता मौर्य ने बोलिंग में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लिए। अनु यादव ने एक विकेट लिए। अंकित मौर्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अंकिता के दमदार प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए झारखंड क्रिकेट संघ के सदस्य सह माही क्रिकेट क्लब कुमारधुबी के अध्यक्ष अभिजीत घोष, सचिव दोयल घोष, पूर्व क्रिकेटर संजय यादव, प्रो दीपक सिंह, क्लब के कोच भागीरथ रजवार तथा कुंदन कुमार राज ने शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि इस बार धनबाद जिला अंडर 15 वूमेंस टीम में माही क्रिकेट क्लब कुमारधुबी की नौ लड़कियां शिरकत कर रही हैं। इसके पूर्व अंडर-19 वूमेन'एस क्रिकेट टीम में भी इसी क्लब की पांच लड़कियों ने शिरकत किया था तथा अपने दमदार प्रदर्शन के बदौलत धनबाद जिला को खिताब दिलाने मैं अहम भूमिका निभाई थी।

## दुल्लू महतो पहुंचे बलियापुर के अखंड हरि कीर्तन में



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुरः हटिया स्थित हरि मंदिर में चल रहे अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो गुरुवार की देर रात कार्यक्रम में पहुंचे। मंदिर में माथा टेका और आशिर्वाद लिया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, निताई रजवार, कुमार महतो, आशीष मुखर्जी, उत्तम चौबे, खगेन महतो, खगेन पांडेय, विनय मुखर्जी, विजय गोराई, बलदेव महतो, अध्यक्ष जगन्नाथ दास, अतुल केसरी, मनीष अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, रविन्द्र वर्मा, अशोक वर्मा, मनबोध रवानी, नयन ठाकुर आदि मौजूद थे। सोलह साल से बीमार पड़े भाजपा नेता मानिक दास का हालचाल जानने के लिए विधायक ढुलू महतो उनके आवास पहुंचे। श्री दास को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## मासस चुनाव पूरे दम खम के साथ लड़ेगी : अरुप चटर्जी

### मासस ही धनबाद का विकल्प : जगदीश रवानी

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : मार्क्सवादी समन्वय समिति की एक बैठक अग्रसेन भवन, टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंद्रा पासवान ने की एवं संचालक सुभाष चटर्जी ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी, मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो उपस्थित थे।

बैठक में सर्व समिति से धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विशाल आमसभा करने का निर्णय लिया गया जिसमें 13 मई को कलियासोल, 15 मई को बरवड्डा, बड़ा जमुवा, 16 मई को चास एंव बोकारो, 17 मई को गोविंदपुर बाजार एवं निरसा, 18 मई को पुटकी, 19 मई को चंदनक्यारी, 20 मई को नुनूडीह, झरिया, 21 मई को निरसा से चिरकुंडा रैली एवं आम सभा, 22 मई को बलियापुर में विशाल आम सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद लोकसभा से मासस पुरे दम ख़म के साथ चुनाव लड़ेगी। भाजपा के जन विरोधी अर्थ नीति से जनता पूरी तरह से त्रस्त है। महंगाई और बेरोजगारी से सामाजिक संबंध के साथ-साथ परिवारिक संबंध भी दिन-ब-दिन टूटते जा रहे हैं। केवल जुमले से लोगों को भटकाने का कार्य किया जा रहा है। मासस सत्ता में रहे या ना रहे । आम जानताओ कि दु:ख तकलीफों में हमेशा शामिल रहते हैं।

मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र के पिछले सांसद लंबे समय से सिर्फ जनता को गुमराह करते रहें है, अब नए प्रत्याशी जुमले के साथ-साथ युवाओं को भटकाने का हथकंडा अपना रहे हैं। धनबाद की जनता समझ चुकी है मासस ही धनबाद का विकल्प है । बैठक में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, गणेश महतो, सारथी मंडल, राणा चटराज, नरेश पासवान, पूर्व मुखिया संतोष रवानी, विजय पासवान, रंजीत यादव, होरीलाल चौहान, भोला चौहान, धर्म बाउरी, लालमोहन महतो, चेतू महतो, दिलीप रवानी, रवि कड़वार, दिनेश महतो, देवाशीष पासवान, सुरेश सिंह, कृष्णा दा, जगदीश साव, देवाशीष पांडेय, अरविंद तिवारी, भीम महतो, शिवचरण महतो, राजेश बिरुआ, संजय पासवान, मोहन यादव, कुमार महतो, ललिता देवी, राकेश सिंह, चौधरी भुईया, अशोक पासवान, वेद प्रकाश सिंह आदि शामिल थे।

## बलियापुर में मासस की बैठक



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुरः केन्दुआटांड़ में शुक्रवार को मासस कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो ने किया। धनबाद लोकसभा सीट से मासस उम्मीदवार जगदीश रवानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। विभिन्न जॉन कमेटी से जुड़े कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं से लगातार संपर्क में बने रहने व सदन अभियान चलाकर लोगों को मासस के पक्ष में मतदान करने की अपील करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, मासस नेत्री सीमा देवी, प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, अमित बनर्जी, शीतल दत्ता, देवाशीष पांडेय, स्वपन कुमार महतो, भोलानाथ महतो, काशीनाथ मंडल, पशुपति महतो, मंगल महतो, युद्धिष्ठिर महतो आदि मौजूद थे।

## सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल को रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने के लिए किया गया सम्मानित

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : रक्तदान-महादान के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने और लगातार ज़रूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध करा कर जीवन बचाने के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर सामाजिक कार्य में लगातार समाज के प्रति कुछ अच्छा करने की कोशिश को देखते हुए शहीद निर्मल महतो मेमोरियल कॉलेज हॉस्पिटल सभागार में आयोजित सभा में सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि धनबाद विधायक श्री राज सिन्हा, सीआईएसएफ़ डीआईजी श्री विनय काजला सर, डॉ. प्रतिभा रॉय, डॉ. यूके ओझा, डॉ. बिके पांडेय के द्वारा सम्मानित किया गया, संस्था के केंद्रीय समिति सदस्य धीरज सिंह कार्यक्रम में उपस्थित होकर सम्मान प्राप्त किया। संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कहा कि हमारी संस्था जरूरतमंद लोगों की सेवा की के लिए सदैव तत्पर हैं और आगे भी हम सभी और बढ़-चढ़ ज़न कल्याण कार्यो को पूरा करेंगे, यह सम्मान संस्था के हर उस सदस्य को जाता हैं जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से अपना योगदान संस्था के द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यो में दिया हैं। मौके पर धनबाद, बोकारो, गिरीडीह के सामाजिक संस्थाओं के साथ समाजसेवी, ब्लड बैंक के अधिकारीगण एवं अन्य मौजूद थे।